# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

क्र. / स्था. / 2024 / 870 जबलपुर, दिनांकः– 28.06.2024

**विशेष अभियान के तहत दिव्यांगजन की भर्ती हेतु विज्ञापन**

मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल के पत्र क्र. एफ–08–2 / 2013 / आ.प्र. / एक भोपाल, दिनांक 04 / 01 / 2024 के प्रावधान अनुसार विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजन के पद की पूर्ति की मैरिट कम वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से की जाना है। विज्ञापित पदों हेतु आवेदन पत्र दिनांक 09 / 07 / 2024 को सायं 5:00 बजे तक स्वंय अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से कुलसचिव, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर 482001 के नाम से संबोधित कर प्रेषित करें। तृतीय एंव चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों का विवरण, वेतनमान, दिव्यांगजन की श्रेणी, निर्धारित योग्यता की जानकारी निम्नानुसार हैः–

## तृतीय श्रेणी

| क्र | पदनाम | रिक्त पद की संख्या | दृष्टि बाधित और कम दृष्टि | बहरे और कम सुनने वाले | लोकोमोटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित है, सेरेब्रलपाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त,बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित,मस्कुलर डिस्ट्रॉफी | ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी एंव बहुविकलांगता | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निम्न वर्ग लिपिक | 03 | 02 | 01 | 00 | 00 | 19500–62000 |
| 2 | कनिष्ठ तकनीकी सहायक ग्रंथालय | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 28700–91300 |
| 3 | तकनीकी सहायक (बायोसाइंस) | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | 42700–135100 |
| | कुल योग – | 06 | 03 | 03 | 00 | 00 | |

## चतुर्थ श्रेणी

| क्र | पदनाम | रिक्त पद की संख्या | दृष्टि बाधित और कम दृष्टि | बहरे और कम सुनने वाले | लोकोमोटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित है,सेरेब्रलपाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त,बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित,मस्कुलर डिस्ट्रॉफी | ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी एंव बहुविकलांगता | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | माली | 02 | 00 | 00 | 00 | 02 | 15500–49000 |
| 2 | चौकीदार | 02 | 00 | 00 | 00 | 02 | 15500–49000 |
| 3 | फर्राश / स्वीपर | 04 | 02 | 02 | 00 | 00 | 15500–49000 |
| 4 | भृत्य | 06 | 03 | 03 | 00 | 00 | 15500–49000 |
| | कुल योग | 14 | 05 | 05 | 00 | 04 | |

शैक्षणिक योग्यताः–

| क्र | पद का नाम | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|
| 1. | निम्न वर्ग लिपिक | 1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से हायर सेकेण्डरी (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. निम्नलिखित में से किसी एक मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा/प्रमाणपत्र परीक्षा उत्तीर्ण।<br>(1) यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय से डिप्लोमा।<br>(2) यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी मुक्त विश्वविद्यालय से डिप्लोमा।<br>(3) डी.ओ.ई.ए.सी.सी. से डिप्लोमा।<br>(4) शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलज से मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट कोर्स।<br>(5) शासकीय आई.टी.आई. द्वारा एक वषीय कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिक असिस्टेंट प्रमाण पत्र।<br>3. निम्नलिखित अर्हताओं को कम्प्यूटर डिप्लोमा/डिग्री हेतु सम्मिलित किया गया है– बी.ई.(सी.एस.ई./आई.टी)/एम.सी.ए./बी.सी.ए/एम.एस.सी.(सी.एस./आई.टी.)/बी.एस.सी. (सी.एस./आई.टी)/एम.टेक./एम.ई. इत्यादि।<br>4. ए.आई.सी.टी.ई.से अनुमोदित पॉलिटेक्निक डिप्लोमा इन कम्प्यूटर साइंस/कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी इत्यादि।<br>नोटः–बी.एस.सी./बी.कॉम/डिग्रियां जिनमें केवल कम्प्यूटर के एक विषय का अध्यापन सम्मिलित है, मान्य नहीं होगी।<br>5. मध्यप्रदेश शासन , विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभागातंर्गत आयोजित कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण परीक्षा CPCT का वैद्य प्रमाणपत्र। |
| 2 | कनिष्ठ तकनीकी सहायक ग्रंथालय | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि परीक्षा उत्तीर्ण (55% अंकों सहित) एवं बी.लिब. उपाधि परीक्षा उत्तीर्ण (55% अंकों सहित) होना अनिवार्य है। |
| 3 | तकनीकी सहायक (बायोसाइंस) | M.Sc. Botany/Zoology/Microbiology/Bio informatics/Instrumentation परीक्षा उत्तीर्ण (55% अंकों सहित) हेना अनिवार्य है। |
| 2. | चतुर्थ श्रेणी भृत्य/चौकीदार/माली/स्वीपर/फर्राश | आठवीं कक्षा उत्तीर्ण। |

नियम एवं शर्तेंः–

1. आवेदक को मध्यप्रदेश का मूल/स्थाई निवासी होना अनिवार्य है एवं प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
2. निर्धारित तिथि एवं समय पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा एवं न ही इस सबंध में कोई पत्राचार किया जावेगा। डाक से हुए विलंब के लिए विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।
3. मैरिट कम वॉक इन इंटरव्यू के समय सभी प्रमाण पत्र की मूल प्रतियां लाना अनिवार्य है। साथ ही सभी प्रमाण पत्रों की दो स्व–सत्यापित छायाप्रति लाना भी आवश्यक है। तथा आवेदन के साथ दो पासपोर्ट साइज फोटों भी संलग्न करें।
4. आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी अथवा स्व–सत्यापित करना अनिवार्य है।
5. आवेदक को आयु न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष, (अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट समाहित है।)
6. आवेदक का मध्यप्रदेश के किसी भी रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
7. शासन द्वारा जिला स्तर पर गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी दिव्यांगजन होने का प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना चाहिये। (अभ्यर्थी के चयनित होने पर कार्यभार ग्रहण कराने के पूर्व जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र का सत्यापन भी अनिवार्य रूप से कराया जावेगा। इसके साथ ही मूक बधिर श्रेणी के दिव्यांगजन के



Scanned with OKEN Scanner

लिये कार्यभार ग्रहण कराने के पूर्व मेडीकल परीक्षण में बेरा टेस्ट भी अनिवार्य रूप से कराया जाना आवश्यक होगा।)

**नोटः— भारत सरकार के राजपत्र दिनांक 05/05/2021 द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार दिनांक 01/06/2021 समस्त दिव्यांगता प्रमाण पत्र केवल यू.डी.आई.डी. पोर्टल नामतः https://www.swavlambancard.gov.in के माध्यम से नियमानुसार जारी किये गये डिजिटल प्रमाण पत्र मान्य होंगें।**

8. आवेदकों का सभी अर्हताएं आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक धारित करना अनिवार्य है।
9. आवेदनकर्ता किसी शासकीय संस्था/निगम/मंडल/में कार्यरत है तो उसे आवेदन प्रस्तुत करने की सूचना प्रस्तुत कर कार्यालय प्रमुख से जारी अनापत्ति प्रमाण संलग्न करना अनिवार्य है अथवा आवेदन कार्यालय प्रमुख के माध्यम से प्रेषित किया जाना चाहिये।
10. भर्ती प्रकिया में किसी भी प्रकार संशोधन किया जाता है, तो केवल विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.rdunijbpin.org पर ही प्रकाशित किया जावेगा। इसकी सूचना पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं की जाएगी।
11. उक्त विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो कुलसचिव, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर को दिनांक 05.07.2024 तक अनिवार्य रूप से अवगत करावें। इसके पश्चात् आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा।
12. इच्छुक आवेदकों द्वारा आवेदन फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.rdunijbpin.org पर उपलब्ध है, से डाउनलोड किये जाकर विश्वविद्यालय के स्थापना विभाग में दिनांक 09/07/2024 को सायं 5:00 बजे तक स्वंय अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से कुलसचिव, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर 482001 के नाम से संबोधित कर जमा किया जाना अनिवार्य है।
13. दिव्यांगजन विज्ञापन में चिन्हांकित अपनी श्रेणी में ही आवेदन करें। अन्य दिव्यांगजनों की श्रेणी में आवेदन करने पर उनके आवेदनों को निरस्त माना जावेगा।
14. आवेदन प्रेषित करते समय लिफाफे पर स्पष्ट रूप से कार्यालय का पता एवं जिस पद के लिये आवेदन कर रहें हो, लिखा जाना अनिवार्य है।
15. आवेदक द्वारा असत्य/भ्रामक/मिथ्या जानकारी अथवा दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने अथवा किसी भी कारण से नियम विरूद्व नियुक्ति हो जाने पर नियुक्तिकर्त्ता प्राधिकारी द्वारा बिना किसी भी पूर्व सूचना के किसी समय नियुक्ति निरस्त की जा सकेगी।
16. यदि आवेदक द्वारा एक से अधिक पदों पर आवेदन किया जाता है, तो पृथक–पृथक आवेदक प्रेषित किया जाना चाहिए।
17. पात्र उम्मीदवारों जिनके दस्तावेज सत्यापन किये जायेंगे, की सूची दिनांक 11.07.2024 को बेबसाइट पर अपलोड की जावेगी। जिनके मैरिट कम वॉक इन इंटरव्यू दिनांक 13.07.2024 को 10:30 बजे से अधिष्ठाता, छात्र कल्याण कक्ष, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर में आयोजित होंगे।
18. पदों की संख्या में वृद्धि अथवा कमी एवं नियुक्ति संबंधी समस्त अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेंगे।
19. विश्वविद्यालय के स्वीकृत पदों में से दिव्यांगजनों के पदों का चिन्हांकन म.प्र. राजपत्र (असाधारण) प्राधिकार से प्रकाशित सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल दिनांक 09.03.2023 की अनुसूची–01 में दिये गये उच्च शिक्षा विभाग के उदाहरण अनुसूची–02 अनुसार किया गया है।
20. किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्राधिकार माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर रहेगा।

कुलसचिव
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर



Scanned with OKEN Scanner

# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,जबलपुर

## दिव्यांगजन के लिए आवेदन पत्र प्रारूप

प्रति,

पासपोर्ट साइज फोटो चस्पा करें

.................................................................................

.................................................................................

.................................................................................

.................................................................................

........................................................................ पद के लिए आवेदन पत्र ( आवेदित पद का नाम)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदक/आवेदिका का नाम (हिन्दी में) | |
| 2. | आवेदक/आवेदिका का नाम (अंग्रेजी के बड़ें/केपिटल अक्षरों में) | |
| 3 | लिंग–पुरुष/महिला/अन्य | |
| 4 | पिता/पति का नाम<br>माता का नाम | |
| 5 | वर्तमान निवास का पूर्ण पता पिन कोड सहित | |
| 6 | स्थाई निवास का पूर्ण पता | |
| 7 | मोबाइल नम्बर<br>व्हाट्सएप नम्बर<br>ई–मेल आई.डी. | |
| 8 | जन्मतिथि (अंकों में) (हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करें।) | |
| 9 | जन्मतिथि (शब्दों में ) | |
| 10 | आयु | |
| 11 | क्या आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी है? हॉ या नही (यदि हॉ तो मूल निवासी प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें। | |
| 12 | जन्म स्थान (ग्राम, शहर, जिला, राज्य का नाम लिखें।) | |
| 13 | क्या आवेदक मध्यप्रदेश शासन द्वारा मध्यप्रदेश के लिये घोषित एवं मान्य अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग का सदस्य है? यदि हॉ तो जाति व उपजाति का उल्लेख करें।<br>(सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी डिजिटल वैद्य स्थायी जाति प्रमाण–पत्र की स्व–प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें। अस्थायी जाति प्रमाण मान्य नहीं होगा।) | |

| | | |
|---|---|---|
| 14 | 1. जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण–पत्र क्रमांक एवं दिनांक<br>2. यू.डी.आई.डी. पोर्टल द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण–पत्र क्रमांक एवं दिनांक | |
| 15 | दिव्यांगता का प्रकार एवं प्रतिशत तथा विज्ञापन में उल्लेख अनुसार दिव्यांगता की श्रेणी | |
| 16 | रोजगार कार्यालय का नाम, पंजीयन क्रमांक व दिनांक | |
| 17 | वैवाहिक स्थिति–<br>(अ) क्या आप विवाहित है–हॉ/नहीं<br>(ब) यदि हॉ तो विवाह की तिथि<br>(स) विवाह के समय आयु<br>(द) जीवित बच्चों की संख्या<br>(ई) अंतिम बच्चे का जन्म दिनांक<br>(फ) 26 जनवरी 2001 के बाद जन्में बच्चों की संख्या | |
| 18 | शसकीय/अर्द्वशासकीय संस्था/कार्यालयों में कार्यरत आवेदनकर्त्ता, शासकीय/अर्द्वशासकीय सेवा अवधि का पूर्ण विवरण प्रमाण–पत्र सहित संलग्न करे। यदि आवेदक शासकीय/अर्द्वशासकीय संस्था/ निगम/मंडल में कार्यरत है तो उसका नाम एवं पता<br>(अ) वर्तमान धारित पद का नाम<br>(ब) वर्तमान पद का वेतनमान जिस पर कार्यरत है (छठवां एवं सातवां जो भी लागू हो) | |
| 19. | 1. क्या आवेदक को किसी आपराधिक मामले में न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया है? हॉ/नहीं, यदि हॉ तो पूर्ण विवरण अंकित करते हुये न्यायालय के आदेश की प्रति संलग्न करें।<br>2. क्या आवेदक को महिलाओं के विरुद्व न्यायालय द्वारा किसी अपराध का सिद्व दोषी ठहराया गया है? हॉ/नहीं, यदि हॉ तो पूर्ण विवरण अंकित करते हुए न्यायालय के आदेश की प्रति संलग्न करें। | |

| 20 | शैक्षणिक योग्यता की जानकारी (अंकसूचियों, प्रमाण पत्रों की एवं डिग्री की स्व प्रमाणित छायाप्रतियां संलग्न करें।) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | क्र | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | विषय | पूर्णांक/प्राप्तांक | प्राप्तांको का प्रतिशत |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| 21. | कम्प्यूटर डिप्लोमा उत्तीर्ण है? हॉ/नहीं, यदि नहीं तो प्रमाण–पत्र संलग्न करें। | | | | | | |
| | सी.पी.सी.टी.स्कोर बोर्ड में कम्प्यूटर दक्षता और हिन्दी टायपिंग उत्तीर्ण है? हॉ/नहीं, यदि हो तो प्रमाण पत्र संलग्न करें। | | | | | | |

स्थानः– ...............................................
दिनांकः– ..............................................

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर
एवं पूरा नाम

## स्व–घोषणा

मैं ............................................ पुत्र/पुत्री .......................................... उम्र .......................................... वर्ष ............................ निवासी ...................................... जिला ...................................... मध्यप्रदेश एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त समस्त जानकारी मेरे ज्ञान व विश्वास के अनुसार सत्य है। मैंनं आपराधिक दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकती है, आवेदित पद पर मेरा चयन एंव चयन पश्चात् नियुक्ति निरस्त की जा सकती है। साथ ही मुझे प्राप्त समस्त लाभ वापस लिये जा सकते है।

स्थानः– ........................
दिनांकः– ......................

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर
एवं पूरा नाम